दिनांक 29.05.2024 समय 18.30

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- राज्य सरकार ने भीषण लू के मद्दे नजर अस्पतालों में जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के लिये जिलों में प्रभारी अधिकारी लगाये।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के हालात से आज भी जनजीवन रहा प्रभावित–एक जून से हीटवेव से राहत मिलने की संभावना।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में पेयजल वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

और

- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का परिणाम जारी किया–परिणाम 93 दशमलव 03 प्रतिशत रहा।

000

प्रदेश में भीषण लू के मद्दे नजर अस्पतालों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवंटित जिलों में दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि ये सभी प्रभारी अधिकारी अपने–अपने जिलों में संबंधित प्रभारी सचिव से समन्वय स्थापित कर हीटवेव प्रबंधन को लेकर पाई जाने वाली कमियों का मौके पर ही समाधान कर रिपोर्ट पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में हीटवेव प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए एक चैकलिस्ट भी तैयार की गई है।

000

पूरे प्रदेश में आज भी भीषण गर्मी और लू के हालात रहे। इस कारण जनजीवन लगातार प्रभावित हो रहा है। लोग केवल जरूरी काम के लिये ही घरों से निकलते हैं। जरा सी असावधानी बरतते ही लू तापघान के असर से लोग बीमार हो रहे हैं। इस कारण अस्पतालों में उल्टी दस्त के रोगियों की संख्या बढ रही है। बिजली–पानी की समस्या भी कई जिलों में बनी हुई है।
प्रदेश में इस बीच अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की गिरावट हुई है। पिलानी में कल के मुकाबले पारा गिरकर 48 दशमलव 2 डिग्री दर्ज हुआ। चूरू में पारा 47 दशमलव 7 डिग्री रहा। राजधानी जयपुर में भी लगभग आधा डिग्री गिरकर तापमान 46 डिग्री पर आ गया। उधर करौली में भीषण गर्मी से लोग परेशान रहे।

................

चूरू में झुलसाने वाली गर्मी से आम जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। जिला प्रशासन और भामाशाहों द्वारा भीड़ वाले इलाकों में तिरपाल, कनात लगाकर छाया की व्यवस्था की गई है। राजकीय भरतिया अस्पताल में बुखार उल्टी दस्त के रोगी लगातार बढ़ रहे हैं जिसके मद्दे नजर चिकित्सा विभाग पूरी तरह अलर्ट है। जिले के ताल छापर अभ्यारण्य में हिरण छाया की तलाश में घूम रहे हैं। अभ्यारण्य में तालाब के पास कुछ झुण्ड गर्मी से निजात पाने का प्रयास कर रहे हैं। बूंदी जिले में लू के साथ उमस ने भी जन जीवन प्रभावित किया। बिजली का आंख मिंचोली से लोग इस भीषण गर्मी में परेशान रहे। सवाईमाधोपुर में दोपहर बाद बूंदा–बांदी से गर्मी का असर और बढ़ गया। जयपुर में भी उमस भारी गर्मी ने परेशान किया। बीकानेर में भीषण गर्मी को देखते हुए पीबीएम हॉस्पिटल में मोक ड्रिल किया गया। भरतपुर में आज सुबह से ही प्रचण्ड गर्मी का दौर रहा लेकिन दोपहर होते–हाते धूलभरी आंधी शुरू हो गई। आंधी से दुकानों के त्रिपाल उड गए तथा कई जगह होर्डिंग भी गिर गए। हालांकि तापमान में गिरावट आ गई जिससे लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिली। मौसम विभाग ने कहा है कि 31 मई से 2 जून तक जयपुर, बीकानेर, भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में आंधी बारिश की संभावना है।
मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में एक जून से हीटवेव से राहत मिलने की प्रबल संभावना है।

..................

भीषण गर्मी के मद्दे नजर नागौर जिले में सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर 3 से 6 साल आयु वर्ग के बच्चों के लिए 5 जून तक अवकाश घोषित किया गया है। बच्चों के अवकाश के दौरान उन्हें टेक होम राशन के रूप में पोषाहार दिया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में पेयजल विभाग के दो पंप हाउस का औचक निरीक्षण कर पेयजल वितरण को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पानी को लेकर हो रही समस्याओं की जानकारी भी ली। श्री शर्मा ने रामनिवास बाग और जवाहर सर्किल पंप हाउस में पानी की व्यवस्थाओं और वितरण प्रणाली की विस्तार से जानकारी ली। दोनों पंपहाउसों का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए श्री शर्मा ने पेयजल विभाग की कार्यप्रणाली और कार्य पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि जनता के लिए तरह की पानी कमी न हो इसके लिए विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिये गये हैं। साथ ही गौशालाओं और पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करने को कहा गया है। श्री शर्मा ने विगत कांग्रेस सरकार द्वारा अन्य राज्यों के साथ बिजली को लेकर किये समझौते पर सवाल उठाये।

...............

केकडी के टोडारायसिंह में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने आज सूरजपुरा फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फिल्टर प्लांट के रख–रखाव के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

000

प्रदेश में भीषण गर्मी के इस दौर में आमजन को राहत देने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर प्रभारी सचिव जिलों के दौरे पर हैं।

बूंदी के जिला प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव और जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत कर चिकित्सालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने पुरुष और महिला वार्ड, आईसीयू वार्ड सहित सभी वार्डों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को हीटवेव, लू और मौसमी बीमारियों को लेकर माकूल व्यवस्थाएं रखने के भी निर्देश दिए। नीम का थाना के जिला प्रभारी सचिव इंद्रजीत सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पेयजल विद्युत आपूर्ति के साथ ही भीषण गर्मी के दौर में लू और हीटवेव में बचाव और स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। चित्तौडगढ जिले के प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटरू ने जिले में पानी और बिजली आपूर्ति के साथ हीटवेव को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सांचौर के जिला प्रभारी सचिव नरेन्द्र गुप्ता ने माखुपुरा स्थित वाटर पंप हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिले में सुदृढ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी सचिव ने धामणा स्थित 220 के.वी. ग्रिड सब–स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सरनाऊ पंचायत समिति के दांता में मनरेगा कार्यों का अवलोकन किया।

पंचायती राज विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि जैन ने झालावाड के झालरापाटन के सेटेलाइट चिकित्सालय का निरीक्षण किया। चिकित्सा विभाग द्वारा झालावाड जिले में बढते तापमान से बचाव के लिये ओआरएस वाहिनी शुरू की गई है। यह वैन सार्वजनिक स्थल जैसे रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड और चिकित्सालय में जायेगी और लक्षण वाले रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार और दवाइयां देंगी। वैन में मेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई है।

राज्य के जिला कलेक्टर भी बिजली, पानी और अस्पतालों की व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त करने में लगे हैं। सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कुण्डेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लू तापघात के मरीजों के लिए डेडीकेटेड रूम में की गई व्यवस्थाओं को अपर्याप्त बताते हुए अतिरिक्त कूलर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने एएनसी कक्ष में भी व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

000

.................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज 10वीं कक्षा और व्यावसायिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। साथ ही, और प्रवेशिका परिणाम भी जारी कर दिया गया। इस परीक्षा में लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारी है। बोर्ड प्रशासक महेश चंद शर्मा ने परिणाम जारी करते हुए बताया कि 10वीं का परिणाम 93 दशमलव 03 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि सैकंडरी परीक्षा में 10 लाख 39 हजार 800 से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। छात्रों का परिणाम 92 दशमलव 64 प्रतिशत जबकि छात्राओं का परिणाम 93 दशमलव 46 प्रतिशत रहा।

श्री शर्मा ने बताया कि इसी तरह प्रवेशिका व्यावसायिक परीक्षा का परिणाम 82 दशमलव 54 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने एक ही महीने में सभी परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिये, जिसके लिए बोर्ड के कर्मचारियों ने अथक परिश्रम किया।

...............

इस बीच राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, की ओर से आठवीं और पांचवीं का परीक्षा परिणाम कल जारी किया जाएगा। स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल शिक्षा संकुल में दोपहर 3 बजे परिणाम घोषित करेंगे।

000

प्रदेश में आज से 9 महीने से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का अभियान शुरू किया गया है। महिला और बाल विकास विभाग तथा चिकित्सा और स्वास्थ विभाग की ओर से ये अभियान चलाया जा रहा है। यह

खुराक 6 माह के अन्तराल से पिलाई जाती है। इसके लिये पूरे साल में 2 बार छोटे बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाती है। भीलवाडा में 2 लाख 63 हजार से अधिक बच्चों और अजमेर में 2 लाख अस्सी हजार बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

000

कोटपूतली–बहरोड जिले में जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर स्थित प्रागपुरा फ्लाईओवर पर  केमिकल से भरे खराब कंटेनर से हरियाणा रोडवेज की बस टकरा गई। कंटेनर में से केमिकल तेज गति से रिसकर राजमार्ग पर फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की सहायता से घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा ले जाया गया। बस में 25 सवारियां थी। दुर्घटना में चालक और एक यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

000